ये दुनिया वाले श्याम मुझे मार ना डाले

ये दुनिया वाले श्याम मुझे मार ना डाले,
एक बार मुझे लो थाम ओ खाटू वाले,
ये दुनिया वाले श्याम मुझे मार ना डाले।

ज़िन्दगी ये तूने दी है तेरा अधिकार है,
जी रहा हूँ मैं घुट घुट कर साँसें भी लाचार हैं,
ये हो ना जाएँ जाम ओ खाटू वाले,
ये दुनियां वाले श्याम मुझे मार ना डाले।

ज़िन्दगी बनाने वाले ज़िन्दगी संवार दे,
जी ना पुंगा मणि बाबा साँसे तो उधार दे,
इतना सा कर दे काम ओ खाटू वाले,
ये दुनियां वाले श्याम मुझे मार ना डाले।

ज़िन्दगी ये मेरी बाबा आज शर्मसार है,
विक्की की लाज बाबा पड़ी तेरे द्वार है,
कहीं डूब ना जाए नाम ओ खाटू वाले,
ये दुनियां वाले श्याम मुझे मार ना डाले।

ये दुनिया वाले श्याम मुझे मार ना डाले,
एक बार मुझे लो थाम ओ खाटू वाले,
ये दुनिया वाले श्याम मुझे मार ना डाले।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25810/title/ye-duniya-wale-shyam-mujhe-maar-naa-daale

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |